बंद घर में लूटपाट का विरोध करने पर पड़ोसी को मारी गोली, छाती और हाथ में लगी गोली

आठ-दस हथियारबंद अपराधियों ने घोरहट मठिया गांव में दिया घटना को अंजाम

मांझी (आससे)। मांझी थाना क्षेत्र के घोरहट मठिया गांव में शुक्रवार की देर रात हथियारबंद अपराधियों ने लूटपाट के दौरान विरोध करने पर एक पड़ोसी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की पहचान आनंद कुमार भारती के रूप में हुई है। गोली उनकी छाती और हाथ में लगी है। उनका इलाज छपरा में डॉ. राजीव रंजन सिंह के यहां चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, आठ से दस की संख्या में हथियारों से लैस अपराधी शशि भूषण भारती के बंद घर में लूटपाट करने पहुंचे थे। इसी दौरान विरोध किए जाने पर अपराधियों ने पड़ोसी आनंद कुमार भारती को गोली मार दी। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायल को पहले मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छपरा रेफर कर दिया गया।बताया जाता है कि शशि भूषण भारती के बंद घर में इससे पहले भी 11 जुलाई की रात चोरी की घटना हुई थी।

सूचना मिलने पर एकमा डीएसपी प्रेमचंद सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की।इस घटना पर पूर्व मंत्री रविन्द्र मिश्रा के पुत्र राहुल मिश्रा ने पंचायत में शराब पर अंकुश लगाने की मांग की। वहीं पूर्व जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह और पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि मांझी विधायक रणधीर सिंह ने डीएसपी से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

संध्याकालीन अर्घ्य के लिए सजकर तैयार हुए छठ घाट व्रतियों ने किया खरना

छपरा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उत्साह और भक्तिमय माहौल बना हुआ है। शनिवार को छठ व्रतियों ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ खरना का अनुष्ठान किया। इसके साथ ही 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत हो गई। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।संध्याकालीन अर्घ्य को लेकर छपरा शहर के प्रमुख घाटों सहित ग्रामीण इलाकों के छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया है। व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन एवं स्थानीय समितियों की ओर से तैयारियां की गई हैं। इधर, छठ पूजा को लेकर बाजारों में भी काफी रौनक देखने को मिली। फल, नारियल, गन्ना, सूप, दउरा, मिट्टी के चूल्हे और पूजा सामग्री की दुकानों पर सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ लगी रही।

धूमधाम से मनी पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती

छपरा। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की



137वीं जयंती सह बाल दिवस शनिवार को छपरा में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मारक ट्रस्ट तथा सारण जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मारक ट्रस्ट का कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि नेहरू जी की दूरदर्शी सोच के कारण देश में एम्स, आईआईटी और बड़े-बड़े उद्योगों की स्थापना हुई, जो आज भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं जिला कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि नेहरू जी के विचार प्रासंगिक थे, हैं और हमेशा रहेंगे।

बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के कारण उनकी जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है।कार्यक्रमों में सुबोध कुमार जायसवाल, जितेन्द्र कुमार सिंह, रामस्वरूप राय, हरेश प्रसाद यादव, रामनारायण यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अनुप श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र कुमार धर्म, जागेश्वर प्रसाद राम, अरविन्द कुमार सिंह, हरि प्रसाद यादव, विजय कुमार मिश्र, फिरोज इकबाल, राहुल कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह (अधिवक्ता), मालिक प्रसाद यादव, ललन कुमार सिंह, खुर्शीद अहमद, प्रो. योगेंद्र राम, अहमद कुरैशी, संतोष कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, सिकंदर दास, मो. फरहान, कन्हैया कुमार मिश्रा, शैलेंद्र परासर एवं जड़ी हसन सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

मसरक.पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय, मशरक के प्रांगण में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती %बाल दिवस% के रूप में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने पंडित नेहरू के जीवन, उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रभावशाली संभाषण दिए तथा मधुर कविताएं प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने प्रेरक विचार साझा किए। वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र कुमार ने नेहरू जी के जीवन से जुड़ी भावपूर्ण कविताएं सुनाकर सभी का मन मोह लिया। वहीं, वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षक श्री रामचरण ने विद्यार्थियों से नेहरू जी के आदर्शों और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। इसके साथ ही शिक्षक श्री प्रवीण रंजन ने नेहरू जी द्वारा रचित प्रसिद्ध पुस्तक द डिस्कवरी ऑफ इंडिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पुस्तक अत्यंत विशाल और भाषा के दृष्टिकोण से बेहद समृद्ध है, इसलिए सभी बच्चों को इसे अवश्य पढ़ना चाहिए।

बिहार कांग्रेस के स्टेट रिसर्चर नियुक्त किये गये छपरा के राहुल भारद्वाज

छपरा। छपरा के गुदरी बाजार निवासी राहुल भारद्वाज को कांग्रेस का बिहार प्रदेश रिसर्चर नियुक्त किया गया है। वे युवा ब्राह्मण चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुभाष पाण्डेय के भतीजा हैं। राहुल भारद्वाज ने कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए गए नेशनल टैलेंट हंट प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की। उसके बाद बिहार प्रदेश कांग्रेस द्वारा विभिन्न चैनलों और मीडिया संस्थानों में उन्हें पार्टी का पक्ष रखने के लिए भेजा जाता रहा है जहां वे विभिन्न दलों के बड़े बड़े प्रवक्ताओं के सामने कांग्रेस पार्टी के पक्ष और उसकी नीतियों को मजबूती से रखते रहे हैं। उनके बहुआयामी प्रतिभा को देखते हुए पार्टी द्वारा उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन अजय कुमार पासवान के हस्ताक्षर से जारी किए गए नियुक्ति पत्र में राहुल भारद्वाज समेत कुल 21 लोगों को स्टेट रिसर्चर के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ



ही उन्हें समन्वय बना कर कार्यों एवं दायित्वों के कुशल निर्वहन का अनुरोध किया गया है। पार्टी की ओर से बताया गया है कि स्टेट रिसर्चर्स को जनता की समस्याओं, विभिन्न डेटा, विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा कर उनके क्रियान्वयन की स्थिति, चुनावी डेटा सहित अन्य कार्यों को करना होगा। पार्टी की ओर से यह भी बताया गया है कि कांग्रेस पार्टी अब अपने संगठन सृजन अभियान के माध्यम से संगठन को ग्रास रूट पर मजबूत कर रही है। पार्टी जनसमस्याओं को उचित फोरम पर मजबूती से रख रही है। ऐसे में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा स्टेट रिसर्चर्स की खोज और इन्हें यह दायित्व देने से पार्टी को लोगों से और मजबूती से जुड़ने और विभिन्न डेटा के माध्यम से जनता के सवालों को मजबूती से उठाने में बहुत मदद मिलेगी।

लायंस क्लब ऑफ छपरा टाउन ने छठ व्रतियों के बीच बांटे ईख और गागल नींबू

छपरा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ छपरा टाउन की ओर से श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों के बीच ईख और गागल नींबू का वितरण किया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने सेवा और सहयोग की भावना के साथ छठ महापर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान क्लब के अध्यक्ष आदित्य सोनी ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। छठ व्रतियों की सेवा करना और पूजा में सहयोग देना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि क्लब हमेशा समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा तथा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाता रहा है।इस अवसर पर अमित सोनी, यश गुप्ता, आशीष भारतीय, मयंक जायसवाल, अर्जुन पंडित, सतीश पाण्डेय, अमरजीत सोनी, आर्यन, अभिषेक गुप्ता, अमर गुप्ता, डॉ. सतीश चंद्रा, धीरज सिंह, जयकांत सिंह एवं लियो रोहित शर्मा ने वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया।कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।





फाईब्रोस्कैन
50% की छूट
सीमित अवधि के लिए
लिवर की जाँच का आधुनिक और बेहतर तरीका
बिना दर्द | तेज | सुरक्षित | सटीक परिणाम
यह एडवांस अल्ट्रासाउंड तकनीक लिवर में फाइब्रोसिस (Fibrosis) और फैट की मात्रा का सटीक आकलन करती है।


फाइब्रोस्कैन के फायदे
☑ बिना चीर-फाड़ और बिना दर्द
☑ तेज और आसान (5-10 मिनट में जाँच पूरी)
☑ सुरक्षित (कोई जोखिम या साईड इफैक्ट नही)
☑ सटीक और विश्वसनीय दुनिया भर में स्वीकृत तकनीक
☑ तुरंत परिणाम (तुरंत रिपोर्ट जल्दी उपचार निर्णय में मदद)
लिवर को जानें, समय पर रोकें
सामान्य लिवर
सिरोसिस
DYNAMIC Super Speciality Liver And Gastro Centre
पटेल पथ, मजार गली, इन फ्रंट ऑफ पिलर नं. 76, राजा बाजार, पटना
अभी कॉल करें। 6206071186

छठ घाटों का डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण

छपरा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शनिवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने जिले के विभिन्न छठ घाटों का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले दिघवारा प्रखंड के आमी एवं शीतलपुर छठ घाटों का जायजा लिया। इसके बाद दरियापुर प्रखंड के पट्टी पुल क्षेत्र तथा सोनपुर अनुमंडल के सबलपुर, काली घाट और पहलेजा घाट सहित विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया।इस दौरान घाटों की साफ-सफाई, चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था तथा संपर्क मार्गों की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों, विशेषकर महिला श्रद्धालुओं की सुविधा और निजता का पूरा ध्यान रखते हुए पर्याप्त चेंजिंग रूम बनाए जाएं।

वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश्वर प्रसाद सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

छपरा। छपरा सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश्वर प्रसाद सिंह उर्फ मैनेजर बाबू की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को शहर के सलेमपुर स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके भाई डॉ. कामेश्वर प्रसाद सिंह विद्वान द्वारा आगत अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कहा कि जगदीश्वर बाबू अधिवक्ता होने के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों से भी जुड़े थे। डॉ. जय राम सिंह, जदयू नेता दिनेश कुमार सिंह, कांग्रेस नेता मनोज कुमार सिंह भारद्वाज एवं जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी ने कहा कि उन्होंने अपने गांव अदूपुर में विशाल मंदिर का निर्माण कराया था। वे नेक इंसान और गरीबों के मददगार थे।श्रद्धांजलि सभा में विजय कुमार मिश्र, डॉ. पशुपति नाथ, डॉ. ज्ञानेश्वर, अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह, ललन कुमार सिंह, रवीन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सिन्हा, सुदेश कुमार सिंह, राम विनोद सिंह, सुखदेव सिंह, अजय कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, तरुण कुमार तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा, कादिर खान, फिरोज इकबाल, हरेश कुमार यादव,



धर्मेंद्र कुमार धर्म, फैसल अनवर, कन्हैया मिश्र, विमल कुमार राय, नरेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, डॉ. राजीव रंजन सिंह, डॉ. राज कुमार सिंह, आमोद कुमार सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417
Purpose Course
MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash
Contact- 9304697359, 9334074905

प्रसव के दौरान महिला और नवजात की मौत

मढ़ौरा (ससु)। मढ़ौरा थाना क्षेत्र के असोइयां में शुक्रवार की रात एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान 25 वर्षीय महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने नर्सिंग होम और संचालक के अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील कर दिया। वहीं, नर्सिंग होम संचालक दिनेश प्रसाद राय को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, मकेर थाना क्षेत्र की रहने वाली 25 वर्षीय महिला को प्रसव के लिए असोइयां स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। प्रसव के दौरान महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही के कारण यह घटना हुई। मृतका के भाई मुकेश मांझी ने मढ़ौरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। वह मढ़ौरा थाना क्षेत्र के बरदहियां गांव के निवासी हैं।शिकायत मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) सविंदर कुमार दास, थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद और अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने असोइयां स्थित नर्सिंग होम में छापेमारी की। जांच के बाद नर्सिंग होम को सील कर दिया गया। इसके साथ ही मढ़ौरा स्टेशन ढाला रोड के पास

अवैध नर्सिंग होम सील संचालक गिरफ्तार

स्थित संचालक दिनेश प्रसाद राय के अल्ट्रासाउंड केंद्र को भी सील कर दिया गया।स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेश कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जांच में नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्र वैध दस्तावेजों एवं निर्धारित मानकों के बिना संचालित पाए गए। इसके बाद दोनों संस्थानों को सील किया गया।वहीं, थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

केनरा बैंक Canara Bank
Syndicate Bank
सोने की नीलामी सूचना
नीचे दिए गए विवरण वाले गोल्ड लोन खातों के तहत बैंक के पास गिरवी रखे गए गहनों की सार्वजनिक नीलामी, ऊपर बताई गई शाखा के परिसर में 30.11.2026 को प्रातः 10:00 बजे होगी।

क्र. सं.	शाखा का नाम	ऋण खाता संख्या	ऋण का नाम	सकल वजन एवं शुद्ध वजन	आरक्षित मूल्य (रु.)
1	दानापुर मांझी (17405)	180206526635	मनोज कुमार	15.90 ग्राम	रु. 2,09,000/-
2	पटना अनीसाबाद (02818)	164117797534	रंजीत कुमार राम	20.80 ग्राम	रु. 2,73,500/-
3	पटना राजा बाजार (02519)	164121312448	गेंदा	63.88 ग्राम	रु. 8,40,000/-
4	पटना राजा बाजार (02519)	164109642570	नीरज कुमार	3.08 ग्राम	रु. 40,500/-

नोट – सफल बोली लगाने वाले को नीलामी के समाप्त होने के दिन उसी पूरा पेमेंट कर देना चाहिए। ऐसा न करने पर, गोली रद्द कर दी जाएगी एवं EMD की रकम जब्त कर ली जाएगी।
दिनांक: 15.11.2026 स्थान: छपरा हिन्दी में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी

आनंदपुर घाट पर छठ के दौरान निषेधाज्ञा लागू 200 मीटर के दायरे में प्रवेश प्रतिबंधित

छपरा। छठ महापर्व को लेकर सोनपुर के आनंदपुर घाट पर गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव से तटबंध कटाव की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।अनुमंडल दंडाधिकारी, सोनपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार 14 नवंबर के पूर्वाह्न से 16 नवंबर के मध्याह्न तक प्रतिबंध प्रभावी रहेगा। कटाव प्रभावित क्षेत्र और उसके 200 मीटर के दायरे में अनाधिकृत लोगों का प्रवेश एवं जमावड़ा प्रतिबंधित रहेगा। प्रभावित क्षेत्र के आसपास नदी में स्नान, कपड़े धोने और नाव परिचालन पर भी रोक लगाई गई है।केवल अधिकृत अधिकारी, कर्मचारी एवं राहत दल को ही क्षेत्र में जाने की अनुमति होगी। कटाव निरोधी कार्यों में बाधा डालने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से प्रतिबंधों का पालन करने और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

